लापरवाही | आरोपी होने के संदेह में किसी दूसरे युवक को जबरन पकड़कर ले जाने पर हुआ विवाद

अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच विवाद के बाद हंगामा

नवभारत कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत झिंझरी जेल के बाहर पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच विवाद की स्थिति बन गई। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी राजेश दुबे पर कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विवाद की अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच विवाद की सूचना पर काफी संख्या में पुलिस बल को मौके पर भेजा गया। नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया द्वारा भी मामले को शांत करने के लिए समझाइस दी गई। करीब दो घंटे तक हंगामा चलता रहा। अधिवक्ताओं ने विवाद करने वाले पुलिस कर्मी के माफी मांगने पर विरोध प्रदर्शन समाप्त किया। अधिवक्ता रविन्द्र जायसवाल ने बताया कि झिंझरी चौकी प्रभारी एसआई राजेश दुबे द्वारा सिविल ड्रेस में किसी आरोपी के संदेह में एक युवक को पकड़न ले जाने का प्रयास करने लगा। तभी उस युवक के पास मौजूद अधिवक्ताओं ने पुलिस कर्मी की इस तरह की कार्रवाई का विरोध किया और अपराध के संबंध में जानकारी मांगी। लेकिन पुलिस कर्मी अपराध की जानकारी नहीं दे पाया और युवक को ले जाने पर अड़ा रहा। वहीं बताया जाता है कि इस दौरान अधिवक्ताओं और पुलिस कर्मी के बीच झूमा-झटकी भी हुई। अधिवक्ताओं ने पुलिस की इस गैरकानूनी कार्रवाई पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की मांग की गई। करीब दो घंटे तक हंगामा चलता रहा। पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हुए विवाद की जानकारी मिलने पर काफी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। काफी समझाइस और पुलिस कर्मी के माफी मांगने पर हंगामा शांत हुआ। जानकारी अनुसार पुलिस किसी अरमान द्विवेदी को पकड़ने के लिए पहुंची थी। इस दौरान वहां पर रीवा निवासी सागर सिंह दो अधिवक्ताओं के साथ मौजूद था। पुलिस टीम सागर सिंह को अरमान द्विवेदी समझकर अपने साथ ले जाने लगी। इसी बात को लेकर अधिवक्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया। पुलिस से युवक के अपराध के संबंध में जानकारी मांगी। पुलिस कर्मी जानकारी नहीं दे पाया। युवक को जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास करता रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी हुई। अधिवक्ताओं द्वारा पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की मांग की करते हुए प्रदर्शन किया गया।

दुकानों से लिए गए खोवा, पनीर और घी के सैंपल

कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर त्यौहारी सीजन में विक्रय होने वाले खाद्य पदार्थ विशेष कर मिठाई खोवा दूध और दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों की जांच के लिए वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक के प्रतिष्ठान की जांच राजस्व विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम का गठन किया गया है। जिसके बाद संयुक्त जांच टीम ने बुधवार को सिल्वर टॉकीज खोवा मंडी स्थित खाद्य प्रतिष्ठान जैन खोवा भंडार और गुप्ता खोवा भंडार की जांच की गई। जांच दल में शामिल रहे नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह बघेल और खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी साहू ने मौके पर जैन खोवा भंडार से खाद्य पदार्थ, खोवा, पनीर, घी के नमूने प्रयोगशाला में जांच के लिए संग्रहित कर भिजवाया है। मौके पर जांच दल द्वारा खाद्य पदार्थों को ढककर नहीं रखने और साफ-सफाई नहीं रखने पर नाराजगी व्यक्त की गई।

लाइसेंस की शर्तों का पालन नहीं करने पर सुधार सूचना नोटिस जारी करने के लिए अनुशंसा की गई। इसी प्रकार सिल्वर टॉकीज रोड स्थित गुप्ता खोवा भंडार से मौके पर खोवा एवं पनीर के नमूनों को जांच के लिए भेजा है।

एक नजर में

एसपीएम केमिकल्स और फर्टिलाइजर्स की बिक्री पर रोक

नवभारत, कटनी। जिले में मेसर्स एचपीएम केमिकल्स और फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के सभी कृषि उत्पादों के भंडारण और विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह कार्रवाई कंपनी के लाइसेंस के निलंबित होने के बाद की गई है। अनुज्ञापन अधिकारी डॉ आरएन पटेल ने बताया कि राजस्थान सरकार के कृषि आयुक्तालय द्वारा मैसर्स एचपीएम केमिकल्स और फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के विनिर्माण अनुज्ञप्ति को निलंबित कर दिया गया है। इसी आधार पर शासन के निर्देश के बाद जिले में कंपनी की समस्त व्यावसायिक गतिविधियां तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दी गई हैं। अनुज्ञापन अधिकारी ने सभी कीटनाशी निरीक्षकों सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के सभी कीटनाशी विक्रेताओं का तत्काल निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि एचपीएम केमिकल्स, फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के उत्पादों का क्रय-विक्रय नहीं हो। निरीक्षण के दौरान किसी भी विक्रेता को इन उत्पादों का क्रय-विक्रय करते हुए पाया जाता है, तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

ट्रेन से गिरे यात्री की मौत

नवभारत, कटनी। जबलपुर-कटनी रेल खंड में गोसलपुर रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात शव मिला है। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत ट्रेन से गिरने के कारण हुई होगी। अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी की मृतक की पहचान करने के प्रयास कर रही है। जीआरपी के अनुसार अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जीआरपी ने आसपास के सभी पुलिस थानों को सूचित किया है। जीआरपी ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष है। जीआरपी ने कहा है कि किसी को भी अज्ञात व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी हो तो उसे बताएं। फिलहाल जीआरपी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जीआरपी ने बताया कि मृतक फुल सफेद बिंदु दार शर्ट और ग्रे फुल पैंट पहने हुआ था। युवक के ट्रेन से गिरकर मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

मुरूम का अवैध परिवहन करने पर ट्रक जब्त

खनिज विभाग के अधिकारियों ने चाका बाईपास में की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। जिला प्रशासन, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार देर रात खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर औचक जांच अभियान चलाया गया। रात्रिकालीन कार्रवाई के दौरान चाका बाईपास और कैलवारा रोड पर सघन जांच की गई। इस दौरान बिना ट्रांजिट पास के मुरुम का परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रक को जब्त किया गया।

संयुक्त टीम द्वारा जब्त किए गए ट्रक को कुठला पुलिस थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग के उप संचालक रत्नेश दीक्षित ने बताया कि अवैध परिवहन के मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर कलेक्टर न्यायालय में आगामी कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के सख्त निर्देशों के चलते जिले में खनिज परिवहन की निगरानी के लिए इस तरह की संयुक्त जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

कार्रवाई के दौरान सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, उप निरीक्षक सौरभ सोनी सहित पुलिस बल मौजूद रहा। गौरतलब हैं कि रात के समय जिले में व्यापाक पैमाने पर खनिज का अवैध परिवहन किया जाता है।

राज्यपाल के आगमन को लेकर लगाई गई अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी

कलेक्टर के निर्देश पर जारी किया गया ड्यूटी आदेश

नवभारत, कटनी। राज्यपाल मंगू भाई पटेल के 11 अक्टूबर को कटनी आगमन और 12 अक्टूबर को स्लीमनाबाद के हरदुआ भ्रमण के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्था करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही इन सभी अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर को कार्यक्रम स्थल की संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही वे ग्राम हरदुआ अंतर्गत पीएम आवास निरीक्षण स्थल पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगी। जबकि वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा हेलीपैड स्थल और कार्यक्रम स्थल पर बांस बल्ली की व्यवस्था करेंगे। इसी प्रकार नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार को हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल पर फायर ब्रिगेड, साफ-सफाई, पेयजल और चलित शौचालय की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया हेलीपैड स्थल पर कारकेड वाहन की व्यवस्था, बुलेटप्रूफ वाहन की व्यवस्था, कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात और पार्किंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह हेलीपैड स्थल में वेरिकेटिंग, शौचालय, प्रतीक्षालय, मंच, पंडाल और सड़कों की मरम्मत का कार्य देखेंगी। कार्यक्रम स्थल पर मंच की व्यवस्था और अतिथियों की बैठक व्यवस्था संयुक्त कलेक्टर जीतेन्द्र कुमार पटेल और नायब तहसीलदार मुड़वारा अवंतिका तिवारी संभालेंगे। जबकि डिप्टी कलेक्टर विंकी उइके और तहसीलदार ग्रामीण अजीत तिवारी हेलीपैड पर ज्ञापन एकत्रित करेंगे और संभावित वर्षा के दृष्टिगत वीआईपी के लिए रैनकोट और छाते की व्यवस्था करेंगे। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, नायब तहसीलदार बहोरीबंद आकाशदीप नामदेव राज्यपाल के संपूर्ण भ्रमण के दौरान आवश्यक व्यवस्था करेंगे। जबकि उपसंचालक कृषि रामनाथ पटेल और परियोजना अधिकारी एनआरएलएम शबाना बानो कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा शिविर और प्रदर्शनी की संपूर्ण व्यवस्था करेंगे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद राकेश चौरसिया, जनपद पंचायत बहोरीबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार और तहसीलदार स्लीमनाबाद सारिका रावत पंडाल में बैठक व्यवस्था, आवेदन पत्र लेने के लिए राजस्व निरीक्षक, पटवारियों की डयुटी लगाने, पार्किंग स्थल पर क्रेन व्यवस्था, अधिकारियों और कर्मचारियों को पास व्यवस्था, ग्राम हरदुआ में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने का कार्य करेंगे।

सांस्कृति उत्सव में स्थानीय प्रतिभाओं की प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन

कैमोर में अडानी एसीसी सीमेंट द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

नवभारत, कैमोर। दशहरे के बाद हर वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी अडानी एसीसी सीमेंट द्वारा प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित लोकल टैलेंट कार्यक्रम ने कैमोर नगर की प्रतिभाओं को एक नया मंच दिया। कार्यक्रम में नगर के प्रतिभाशाली बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

जिनमें गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां शामिल थीं। हर प्रस्तुति ने दर्शकों के दिलों को छू लिया और पूरे वातावरण को ऊर्जा, उत्साह और गर्व से भर दिया। इस मंच ने न सिर्फ स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान देने का माध्यम बना, बल्कि कैमोर की सांस्कृतिक धरोहर और कलात्मक समृद्धि को भी उजागर करता है।

उपस्थित अतिथियों द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया और उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम स्थल टेनिस कोर्ट में जनसमूह का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। पूरा मैदान खचाखच भरा हुआ था, दर्शक कई घंटों तक खड़े रहकर भी कलाकारों के प्रदर्शन का आनंद लेते रहे।

यह नज़ारा इस बात का प्रतीक था कि कैमोर के लोगों में अपने स्थानीय कलाकारों के प्रति कितना प्रेम और सम्मान है। अंत में, ऐसे उत्कृष्ट और प्रेरणादायक आयोजन के लिए अडानी एसीसी सीमेंट प्रबंधन और आयोजन समिति के सभी सदस्यों को शुभाकामनाएं दी गईं।

यह आयोजन न सिर्फ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम था, बल्कि कैमोर नगर की एकता, कला और उत्सवप्रियता का प्रतीक बनकर यादगार बन गया।

दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने पार किया किराना सामान

माधवनगर थाना क्षेत्र के इमलिया गांव में हुई चोरी की वारदात

नवभारत कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत इमलिया गांव स्थित एक किराना दुकान की दीवार में सुराग बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। वारदात की सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि इमलिया गांव निवासी आकाश पिता मोहन चौधरी की किराना दुकान में अज्ञात चोरों ने सुराग बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों ने दुकान में रखा पूरी सामग्री चोरी कर ली।

वारदात की जानकारी दुकान संचालक जब सुबह दुकान पहुंचा तब उसे चोरी होने की जानकारी मिली। जिसके बाद चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने चोरी के मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीणों ने बताया कि इमलिया और आसपास के क्षेत्रों में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक इन वारदातों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय गश्त बढ़ाई जाए और चोरी की बढ़ती वारदातों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

उल्टी-दस्त का प्रकोप, तीन लोगों की मौत से दशहत

रीठी क्षेत्र के उमरिया गांव में फैल रही बीमारी, डॉक्टरों की टीम पहुंची

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी तहसील के उमरिया गांव में उल्टी-दस्त की बीमारी ने हड़कंप मचा दिया है। जानकारी के अनुसार 6 लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिनमें से 3 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 6 लोग गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बीमार होने के बाद उन्होंने तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी, लेकिन समय पर टीम गांव नहीं पहुंच सकी। इसी बीच तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग के लिए यह घटना गंभीर सवाल खड़े करती है, क्योंकि विभाग द्वारा नियमित रूप से आशा कार्यकर्ता और आशा सहयोगिनी के माध्यम से गांवों में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और बीमारियों की पहचान के लिए जागरूक किया जाता है।

लेकिन उमरिया गांव में दोनों कर्मचारी मौजूद होने के बावजूद बीमारी की जानकारी समय पर विभाग तक नहीं पहुंच पाई। इससे न केवल प्रशासन की लापरवाही उजागर हुई है, बल्कि यह भी साबित हुआ है कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सतर्कता सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में डर और अफरा-तफरी का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल गांव में मेडिकल टीम भेजी जाए, पानी के स्रोतों की जांच की जाए, और बीमार लोगों के परिवारों को सरकारी सहायता दी जाए।

वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टीम गांव पहुंच गई है, और पीड़ितों का इलाज जारी है। विभाग ने पानी और खाद्य सामग्री के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं तथा बीमारी के कारणों का पता लगाया जा रहा है। ग्रामीणों को स्वच्छ पानी पीने की सलाह दी जा रही है, ताकि गंदगी से बीमारी नहीं फैले।

छात्राओं को दी गई पोषण प्रबंधन और सेल्फ डिफेंस की जानकारी

राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत किया गया आयोजन

नवभारत,ढीमरखेड़ा। जिले की ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत स्कूल आंगनबाड़ी केंद्रों ओर पंचायत भवनों में अलग-अलग दिनों में विभागीय निर्देशों के अनुसार थीम का आयोजन कर जागरूकता फैलाई जा रही है।

बुधवार दोपहर ग्राम कछार गांव बड़ा ग्राम पंचायत भवन और स्कूल में पर्यवेक्षक भावना साहू के द्वारा राष्ट्रीय पोषण अंतर्गत पोषण प्रबंधन स्वच्छता और सेल्फ डिफेंस पर जानकारी देकर पोषण शपथ भी दिलवाई गई। इस दौरान मास्टर ट्रेनर सुदामा चक्रवर्ती, प्रतिभा पांडे, संगीता शुक्ला, श्रद्धा शुक्ला, मंजू तिवारी, गोमती दुबे, सुशीला बागरी, अनुराधा दुबे, माया सोनी, लक्ष्मी बागरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

बैठक | अभा व्यापारी परिसंघ जिला इकाई द्वारा आयोजित किया गया स्वदेशी संकल्प अभियान कार्यक्रम

दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं की पहचान कर स्वदेशी उत्पादों को दें प्राथमिकता

नवभारत,कटनी। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ जिला इकाई द्वारा व्यापारी सम्मेलन और स्वदेशी संकल्प अभियान का आयोजन पन्ना तिराहा स्थित होटल सत्कार में किया गया। कार्यक्रम में जिले भर के व्यापारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने की और कार्यक्रम का संचालन गोविंददास असाटी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीसी भरतिया ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में उपयोग होने वाली वस्तुओं में स्वदेशी और विदेशी कंपनियों की पहचान कर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने यह भी बताया कि जीएसटी सुधार में कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनके प्रयासों से व्यापारियों की कई जमीनी समस्याओं का समाधान हुआ है अध्यक्षता कर रहे रमेश गुप्ता ने कहा कि कैट आज देश के 9 करोड़ व्यापारियों की आवाज बनकर कार्य कर रहा है, और सिर्फ व्यापार ही नहीं बल्कि व्यापारी परिवारों के हितों की रक्षा के लिए भी लगातार संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि कैट के लगातार संघर्ष का ही परिणाम है कि आज सरकारें व्यापारियों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान अन्य अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, जबलपुर संभाग के संभागीय अध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, संभाग प्रभारी दीपक और वरिष्ठ कर सलाहकार शशांक श्रीवास्तव मौजूद रहे।

आयोजन के अंत में प्रांतीय मंत्री और जिला प्रभारी आशीष गुप्ता बाबा, जिलाध्यक्ष बालमुकुंद गुप्ता ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया और व्यापारी एकता, स्वदेशी अभियान को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच की श्रीमती वंदना गेलानी सहित सभी महिलाओं और वरिष्ठों का स्वदेशी जागरण के उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मान किया गया।

नशे में धुत युवक-युवतियों ने ढाबे में मचाया हंगामा

नवभारत कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत कटनी-जबलपुर हाइवे स्थित मैगी प्वाइंट ढाबे में कुछ युवकों और युवतियों द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम से भी युवक-युवतियों ने अभद्रता की। पुलिस ने युवक और युवतियों के खिलाफ मामला दर्ज लिया है। माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि मैगी प्वाइंट स्थित ढाबे में कुछ युवकों और युवतियों द्वारा हंगामा करने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम को वहां पर भेजा गया। पुलिस ने सभी को थाने लाकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया युवक-युवती नशे में थे।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024